
टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED
(अनुसूची 'ए' , मिनी रत्न , पीएसयू )
(Schedule 'A', Mini Ratna PSU)

Great Place To Work® Certified
JUN 2024 - JUN 2025
INDIA

# गंगावतरणम्
# GANGAVATARANAM

## टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की गृह पत्रिका

अगस्त, 2024



**मुख्य संरक्षक**
**श्री आर. के. विश्नोई**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

**संरक्षक**
**श्री शैलेन्द्र सिंह**
निदेशक (कार्मिक)

**संपादक**
**डॉ. ए. एन. त्रिपाठी**
महाप्रबंधक
(मा. सं. एवं प्रशा., मा. सं. विकास एवं जनसंपर्क)

**उप संपादक**
**सुश्री काजल परमार**
सहायक प्रबंधक (जनसंपर्क)

**विशिष्ट सहयोग**
**श्री पंकज कुमार शर्मा**
उप प्रबंधक (राजभाषा)

**सहायक संपादक**
**श्री ईशान भूषण**
सहायक प्रबंधक (जनसंपर्क)

**समन्वयक**

टिहरी
**श्री मनवीर नेगी**
प्रबंधक (जनसंपर्क)

कोटेश्वर
**श्री आर. डी. ममगाई**
उप प्रबंधक (जनसंपर्क)

कौशांबी
**श्री के. सूर्या मौली**
सहायक प्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा.)

खुर्जा
**श्री प्रभात कुमार**
सहायक प्रबंधक (जनसंपर्क)

पीपलकोटी
**श्री यतवीर सिंह चौहान,** प्रबंधक (जनसंपर्क)
व **श्री अविनाश कुमार**
सहायक प्रबंधक (जनसंपर्क)

# CONTENTS


1. CMD Message ...............2.
2. Independence Day Celebration ...............5.
3. Vigilance Awareness Week .................6.
4. Director Finance Assumed Charge .....................7.
5. 38th Half-Yearly meeting of Official Language ..............8.
6. MoA between THDCIL and IREDA to Establish Advanced Sports Science Centre ...............9.
7. Successful First-time Mechanical Spinning of Unit #5 of Tehri PSP & D(T) Reviewed Khurja Super Thermal Power Plant Progress .......10.
8. Operations for the Coal Handling Plant (CHP) commenced at Khurja & Sports Tournament at VPHEP .......11.
9. Tehri-Koteshwar Line #3 Successfully Energized & Commissioning & testing of EOT crane (150/50T) in the Power House at full load capacity ........12.
10. THDCIL's Corporate Bond Series XI of Rs. 600 Crore oversubscribed 8 times & Tree Plantation at Tehri ............13.
11. Medical Camp at Tehri & Last Ferrule of Penstock Steel Liners of the last Unit (U#8, 250 MW) of 1000 MW Tehri PSP Successfully Shifted to its Position .......14.
12. Ladies Welfare Association ...................15.
13. Mock Drill at Tehri Project, An Awareness and Knowledge sharing session at Kaushambi & Safety Awareness program at Khurja .................16.
14. Superannuations .................17.




अप्राप्यं नाम नेहास्ति धीरस्य व्यवसायिनः।
There is nothing unattainable to the one who has courage and who works hard.

# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संदेश



टीएचडीसी परिवार के समस्त अधिकारी, कर्मचारी, महिलाशक्ति और प्यारे बच्चों,

भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस की आप सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। आज का दिन हमारे देश के लोकतंत्र और गणराज्य के प्रति हमारी निष्ठा और समर्पण का प्रतीक है। आज के दिन हमें इस बात को नहीं भूलना चाहिए कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के कठोर संघर्ष और बलिदान के बाद ही, हमें गुलामी की बेड़ियों से आज़ादी मिली | स्वतंत्रता दिवस हम सभी भारतवासियों के लिए वह विशेष दिवस है, जब भारत के नेतृत्व ने, नियंत्रण की बागडोर संभाली और देश को एक नए, स्वाधीन और लोकतांत्रिक युग की ओर अग्रसर किया।

स्वतंत्रता दिवस हमें याद दिलाता है कि कैसे हमारे महान पूर्वजों ने सच्चे परिश्रम और बलिदान के साथ इस राष्ट्र की नींव रखी। उनके अदम्य साहस और निष्ठा से, एक स्वतंत्र देश का दर्जा मिला। यह दिन हमें प्रेरित करता है कि हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और अपने कार्यों के माध्यम से देश की सेवा करें। हमारे देश ने पिछले 77 वर्षों में कई चुनौतियों का सामना किया है, लेकिन हर बार हमने अपनी एकता, अखंडता, और दृढ़ता के साथ इन चुनौतियों को पार किया है। हमारे पूर्वजों द्वारा दिखाए गए मार्ग पर हम सभी की सामूहिक मेहनत, समर्पण, और विश्वास के साथ, हमारा राष्ट्र तेजी से प्रगति कर रहा है |

साथियों, आज जब हम इस गौरवमयी दिन का उत्सव मना रहे हैं, तो हमें यह भी याद रखना चाहिए कि हमारी स्वतंत्रता और सुरक्षा के लिए हमारे कई वीर सैनिकों ने अपने जीवन का बलिदान दिया है । सीमाओं पर डटे हमारे सुरक्षा बल के जवान हर दिन, अनेक प्रकार की कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप हम शांति से, अपने घरों में, चैन की सांस ले रहे हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ देशप्रेम व बलिदान इस दिन को और भी महत्वपूर्ण बनाता है।

जब हम देश की तरक्की और प्रगति की और नज़र डालते हैं, तो विद्युत क्षेत्र की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। देश के किसी भी क्षेत्र की बात करें, जैसे कि विज्ञान, रक्षा या चिकित्सा आदि, बिजली के बिना विकसित भारत की कल्पना करना संभव नहीं है। इसलिए, विद्युत क्षेत्र में टीएचडीसी की भूमिका अति महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह न केवल ऊर्जा उत्पादन को सुनिश्चित करता है, बल्कि देश की समग्र प्रगति और विकास में भी केंद्रीय भूमिका निभाता है।

साथियों, वर्ष 1988 में हमारे निगम की स्थापना होने के पश्चात् दिन-रात की कड़ी मशक्कत के साथ देश की प्रगति के प्रति आप सभी के समर्पित भाव के साथ निगम ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है । देश की सबसे ऊंची बहुउद्देशीय परियोजना 1000 मेगावाट के टिहरी बांध एवं 400 मेगावाट के कोटेश्वर बांध का निर्माण व परिचालन, निगम कि उत्कृष्टता का प्रतीक है।

हाइड्रो सेक्टर में तो हमने अपना वर्चस्व विश्वभर में स्थापित किया ही है अपितु उससे आगे बढ़कर हमने पवन, सौर, थर्मल, तथा समर्पित कॉल माइन परियोजना जैसे ऊर्जा उत्पादन के विभिन्न स्रोतों में सफलतापूर्वक विविधीकरण कर देश के अग्रणी पीएसयूज में अपना नाम दर्ज किया है |

यह स्वतंत्रता दिवस हमारी THDC के लिए, विशेष तौर पर बहुत ही ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण होने जा रहा है क्योंकि हम सभी के कड़े परिश्रम और मेहनत से इस वर्ष हमारी दो बहुत ही महत्वाकांक्षी मेगा प्रोजेक्ट्स, 1000 मेगावाट का टिहरी पीएसपी और 1320 मेगावाट का खुर्जा सुपर थर्मल विद्युत परियोजना कमीशन होने जा रहीं हैं |

एक समृद्ध और विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड लगातार अहम योगदान अदा कर रही है। वर्षों से, हमारे समर्पित कार्यबल ने घरों, उद्योगों और समुदायों को सस्ती एवं किफायती 24*7 बिजली देने, आर्थिक विकास और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए अथक प्रयास किया है। टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड राष्ट्र निर्माण में अपनी विद्युत परियोजनाओं के माध्यम से देश को स्वच्छ और सतत ऊर्जा प्रदान कर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। हमें गर्व है कि हम माननीय प्रधानमंत्री जी के "पंचामृत" विज़न के अंतर्गत भारत को स्वच्छ ऊर्जा का प्रमुख स्रोत बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

साथियों आज का Business Environment बहुत ही dynamic और competitive है | आज का विश्व एक वैश्विक गांव (global village) में बदल चुका है, और इंटरनेट तथा IT के कारण, इस competitive environment में हमें अपने कार्य को न केवल एक कर्तव्य के रूप में देखना चाहिए बल्कि मेहनत, लगन, और उत्कृष्टता के साथ पूरा करना चाहिए। हमे अपने निर्णय लेने की गति और तत्परता को बढ़ाना होगा ताकि हम अपने निगम को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकें। हम अपने Mission ,Vision , और Core values के अनुरूप कार्य करते हुए निरंतर आगे बढें | यदि हम टीएचडीसी के प्रबंधन की बात करें, तो मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि हमारे कार्यालयों में अपने कर्मचारियों के लिए उपलब्ध उपकरण, वातावरण और सुविधाएं, देश के अन्य अग्रणी उपक्रमों की तुलना में किसी से कम नहीं हैं।

पिछले कुछ समय में हमने कई HR initiatives को लागू किया है, जो हमारे कर्मचारियों के विकास और उत्थान के लिए हैं। इन पहलों के माध्यम से, हम सभी की कार्य परिस्थितियों को बेहतर बनाने और कार्यस्थल को और अधिक सकारात्मक एवं प्रोत्साहनपूर्ण बनाने की दिशा में लगातार प्रयासरत हैं।

मुझे यह बताते हुए बहुत प्रसन्नता हो रही है कि वित्त वर्ष 2024-2025 में हम 2320 मेगावाट की अतिरिक्त विद्युत उत्पादन के लक्ष्य को भी पूरा करते हुए अपने ऊर्जा पोर्ट्फोलिओ (portfolio) में जोड़ेंगे | इस वर्ष हम देश के विद्युत क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा बनाए जाने वाले सबसे बड़े 1000 मेगावाट के टिहरी पीएसपी को शीघ्र कमीशन करेंगे | इसके कमीशन होने के उपरांत, टीएचडीसी देश के सबसे विशाल 2400 मेगावाट के हाइड्रो पावर कॉम्प्लेक्स का निर्माण करने वाला प्रमुख उपक्रम बन जाएगा। यह सफलता हमारे सभी कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और विभिन्न चुनौतियों को पार करने की क्षमता का प्रतीक है, जिसके लिए आप सभी, बधाई के पात्र हैं | साथ ही 1320 मेगावाट के खुर्जा सुपर थर्मल विद्युत परियोजना को भी हम शीघ्र ही, कमीशन करने जा हैं |

खुर्जा सुपर थर्मल पावर प्लांट में कोल हैंडलिंग प्लांट के लिए परिचालन शुरू हो गया है, हमारी अमेलिया कॉल माइन परियोजना से कोयले की पहली रेक खुर्जा सुपर थर्मल पावर प्लांट में सफलतापूर्वक भेजी जा चुकी है, जिसके लिए हमारी खुर्जा और अमेलिया टीम बधाई की पात्र हैं | यह आप सभी के समर्पण ओर मेहनत का ही परिणाम है कि इतने कम समय में यह दोनों महत्वकांक्षी परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित किए जाने के लिए तैयार हैं | यह महत्वपूर्ण वृद्धि ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाने और ऊर्जा की बढ़ती मांग को पूरा करने की हमारी एक बड़ी उपलब्धि है |

साथ ही मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि हमारी 444 मेगावाट की विष्णुगाड-पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना, जो पिछले कुछ वर्षों से भौगोलिक परिस्थितियों और अन्य कारणोंवश समस्याओं से जूझ रही थी, अब वहां पर भी Project Activities गतिशील हो गई हैं | इसी के साथ मैं आप सभी को बताना चाहता हूं कि अरुणाचल प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक और अन्य क्षेत्रों में कार्यरत हमारी टीमें तेजी से कार्य कर रही हैं |

टीएचडीसी हमारे देश के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस प्रतिबद्धता का एक प्रमुख उदाहरण कोटेश्वर, टिहरी में हमारी पहली हाई परफॉरमेंस अकेडमी का उद्घाटन है। यह अभूतपूर्व पहल वाटर स्पोर्ट्स के क्षेत्र में राष्ट्रीय क्षमताओं को आगे बढ़ाने के लिए हमारे समर्पण को उजागर करती है।

साथियों मैं आज, आप सभी से अपील करता हूँ कि हम अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा और मेहनत से निभाएं | साथ ही आज के इस विशेष अवसर पर मैं निगम में कार्यरत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के परिवार के सदस्यगणों का भी हृदय से आभार व्यक्त करता हूं, जिनके सहयोग से हम निगम में अपना शत प्रतिशत योगदान दे पाने की क्षमता रख रहे हैं | यह तभी मुमकिन है जब हमारे परिवारजन अपना सम्पूर्ण योगदान हमारे लिए दे रहे हैं |

मैं मानता हूँ कि जिस प्रकार बॉर्डर पर तैनात सेना के जवान देश के लिए अपना बलिदान देने में समर्पित रहते हैं, कुछ वैसा ही बलिदान हमारे परिवार जन निगम की बहुव्यापी प्रगति के लिए, कंधे से कंधा मिलाकर हमेशा तैयार रहते हैं । उन्हीं के सहयोग से हमारे टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के कर्मचारी अपना 100 प्रतिशत योगदान देने में सक्षम होते हैं | आप सभी का समर्पण और योगदान भुलाया नहीं जा सकता है |

15 अगस्त, 1947 का दिन मात्र एक तारीख नहीं, बल्कि हमारे स्वाभिमान, अधिकारों, और कर्तव्यों का प्रतीक है। आइए इस स्वतंत्रता दिवस पर हम यह संकल्प लें कि हम अपने देश की सेवा और उन्नति के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। हम अपने कर्तव्यों को निभाते हुए, राष्ट्र की समृद्धि और विकास की दिशा में निरंतर अग्रसर रहेंगे तथा अपने देश और अपने संस्थान के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को और भी बखूबी से निभाएंगे।

आइए, हम इस पावन अवसर पर अपने देश के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने और अपने भविष्य को और अधिक उज्जवल बनाने के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लें।

धन्यवाद
जय हिंद !
जय भारत !

राजीव विश्नोई

**(आर. के. विश्नोई)**

# हर्षोल्लास से मनाया गया 78 वां स्वतंत्रता दिवस

15 अगस्त, 2024 को टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में भारत का 78वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और उत्साहपूर्वक मनाया गया | निगम के कॉरपोरेट कार्यालय, ऋषिकेश सहित सभी परियोजना कार्यालयों व इकाइयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा देश की आज़ादी के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया गया | इस अवसर पर श्री शैलेन्द्र सिंह, निदेशक (कार्मिक) द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा उपस्थित जन-समूह के समक्ष अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के संदेश को पढ़ा गया | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का स्वतंत्रता दिवस संदेश सभी परियोजना कार्यालयों व इकाइयों में लाइव प्रसारण के माध्यम से सुना गया |

### ऋषिकेश









**ऋषिकेश में आयोजित कार्यक्रम की कुछ झलकियाँ**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कॉरपोरेट कार्यालय, ऋषिकेश में श्री शैलेन्द्र सिंह, निदेशक (कार्मिक) ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया व उपस्थित जन-समूह को संबोधित किया | इस आयोजन के दौरान श्री भूपेन्द्र गुप्ता, निदेशक (तकनीकी) भी उपस्थित रहे | देश के 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर निदेशक (कार्मिक) व निदेशक (तकनीकी) द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया |

### टिहरी



श्री एल. पी. जोशी, कार्यपालक निदेशक (टिहरी कॉम्प्लेक्स) द्वारा टिहरी परियोजना कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया |

### खुर्जा



श्री कुमार शरद, कार्यपालक निदेशक (खुर्जा परियोजना) द्वारा देश के 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में खुर्जा उच्च ताप विद्युत परियोजना में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया |

### कौशांबी



श्री नीरज वर्मा, मुख्य महाप्रबंधक (प्रभारी) द्वारा देश के 78 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में एनसीआर कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया |



अप्राप्यं नाम नेहास्ति धीरस्य व्यवसायिनः।
There is nothing unattainable to the one who has courage and who works hard.

**पीपलकोटी**



444 मेवा निर्माणाधीन विष्णुगाड-पीपलकोटी जलविद्युत परियोजना में श्री अजय वर्मा, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना) द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को फहराया गया |

**अमेलिया**



अमेलिया कोल माइन परियोजना में स्वतंत्रता दिवस के सुअवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया |

**देहरादून**




निगम के ट्यूको/समन्वय कार्यालय परिसर देहरादून में देश के 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया |

**कासरगॉड**



50 मेवा सोलर पॉवर प्रोजेक्ट, कासरगॉड, केरल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया |

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 का शुभारंभ





टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्रीमती रश्मिता झा द्वारा टीएचडीसी के कॉर्पोरेट कार्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया गया | इस अवसर पर टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की विभिन्न परियोजनाओं एवं कॉर्पोरेट कार्यालय में तैनात सतर्कता विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे |

इस अवसर पर मुख्य सतर्कता अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि केंद्रीय सतर्कता आयोग के अधिदेश (Mandate) के अनुरूप सभी Focus Areas को ध्यान में रखते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किया जाए एवं साथ ही preventive Vigilance के साधन के रूप में स्कूलों/कॉलेजों/निकटवर्ती ग्राम सभाओं/नगरीय-कस्बों/टीएचडीसी के विभिन्न परियोजना कार्यालयों /स्थलों तथा सार्वजनिक स्थानों तथा बस स्टेशन /गंगा घाटों/मुख्य बाज़ारों आदि पर सतर्कता जागरूकता संबंधी गतिविधियों के व्यापक प्रचार एवं प्रसार हेतु नुक्कड़ नाटकों का मंचन किया जाए | इसके अतिरिक्त "सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि" "Culture of Integrity for Nation's Prosperity" की थीम पर समाज के प्रख्यात वक्ता एवं आध्यात्मिक संस्थाओं के प्रमुख वक्ताओं की सभाओं में उद्बोष करवाये जाने तथा साथ ही हेल्थ कैंप आयोजित करने के दौरान आम नागरिकों को भी सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि के बारे में जागरूक करवाये जाने की अपेक्षा की गयी |

## Sh. Sipan Kumar Garg assumed the charge of Director (Finance), THDC India Limited





Sh. Sipan Kumar Garg assumed the charge of Director (Finance), THDC India Limited on 17, August 2024, at the THDCIL Kaushambi office.

Sh. Garg a distinguished professional in finance, holds a Bachelor of Commerce (Hons), L.L.B. and was a rank holder in the Company Secretary examination. He is also a member of The Institute of Chartered Accountants of India (CA), the Institute of Cost Accountants of India (CMA), and the Institute of Company Secretaries of India (CS). With over 23 years of extensive experience in Finance, Accounts, Taxation, and Commercial aspects within the Power Sector, Sh. Garg brings a wealth of knowledge to THDC India Limited. His previous roles include Chief Financial Officer (CFO) at Aravali Power Company Private Limited and Patratu Vidyut Utpadan Nigam Limited, both subsidiaries of NTPC Limited. Additionally, Sh. Garg has served in various capacities at NTPC Limited, including at the Corporate Accounts Group and Koldam Hydro Power Project. Throughout his career, Sh. Garg has demonstrated exceptional professional growth, characterized by his dedication, responsibility, and ethical approach. His leadership at Aravali Power Company Private Limited resulted in achieving the highest credit ratings and notable savings on long-term loan interest.

Sh. Garg has also contributed to the accounting field through his participation in numerous workshops and seminars both in India and abroad, and has been a prominent speaker on Accounting Standards and Ind AS. He has served on various committees of The Institute of Chartered Accountants of India, including the Committee on Public Finance and Government Accounting, the Accounting Standards Study Group, and the Members in Industry Group (PSU). The THDC family warmly welcomes him and looks forward to a long and fruitful innings together.

## टिहरी में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन



टिहरी परियोजना में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस का शुभारंभ कार्यालय प्रांगण में कार्यपालक निदेशक (टिहरी कॉम्पलेक्स),श्री एल.पी. जोशी द्वारा सभी उपस्थित कार्मिकों को राष्ट्रीय खेल दिवस की शपथ दिलाते हुए किया गया। पूरे देश में 26 अगस्त को खेल दिवस मनाया जाता है जिसके फलस्वरूप टिहरी परियोजना में 26 अगस्त, 2024 से 31 अगस्त, 2024 तक खेल भावना को बढ़ाने और जागरूकता पैदा करने हेतु विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर श्री विजय सहगल, महाप्रबंधक (पुनर्वास/समन्वय), डॉ. नमिता डिमरी, अपर महाप्रबंधक (चिकित्सालय), श्री डी.पी. पात्रो, अपर महाप्रबंधक (मा.सं.एवं प्रशा.), श्री रवींद्र सिंह राणा, अपर महाप्रबंधक (ओ.एण्ड एम.), श्री डी.सी. भट्ट, उप महाप्रबंधक (विद्युत), श्री मोहन सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (मा.सं.एवं प्रशा.), श्री इन्द्रराम नेगी, प्रबंधक (हिंदी), श्री मनबीर सिंह नेगी, प्रबंधक (जनसंपर्क), श्री दीपक उनियाल, प्रबंधक (कल्याण), श्री आर.डी. ममगाईं, उप प्रबंधक (जनसंपर्क), श्री पुरुषोत्तम सिंह रावत, उप प्रबंधक (सुरक्षा) सहित बड़ी संख्या में कार्मिक उपस्थित थे।



अप्राप्यं नाम नेहास्ति धीरस्य व्यवसायिनः।
There is nothing unattainable to the one who has courage and who works hard.

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, हरिद्वार की 38वीं अर्धवार्षिक बैठक सम्पन्न




**नराकास की बैठक में ग्रुप फोटोग्राफ**

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, हरिद्वार की 38वीं अर्धवार्षिक बैठक राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, रुड़की में 28 अगस्त, 2024 को आयोजित की गई। राजभाषा हिंदी के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं कार्यान्वयन में टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की महति भूमिका पर प्रकाश डालते हुए श्री आर. के. विश्नोई, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने बताया कि टीएचडीसी पिछले लगभग 07 वर्षों से नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, हरिद्वार का संचालन कर रही है। इस समिति के माध्यम से टीएचडीसी न केवल अपने संस्थान में बल्कि अपने सदस्य संस्थानों में भी राजभाषा कार्यान्वयन को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकारी कामकाज में हिंदी को पूरी तरह स्थापित करने के लिए भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के द्वारा नगर में 10 या उससे अधिक केंद्र सरकार के संस्थान होने की दशा में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति का गठन किया जाता है। इस समय देश भर में लगभग 531 समितियां इस दिशा में कार्य कर रही हैं। ये समितियां नगर में स्थित अपने सदस्य संस्थानों को अपनी परेशानियों/कठिनाईयों के बारे में चर्चा करने के लिए एक खुला मंच प्रदान करती है। राजभाषा हिंदी का विकास देश को एक सूत्र में तो बांधता ही है, साथ ही यह राष्ट्र की संस्कृति, जीवनशैली और समग्र आर्थिक विकास में भी मदद करता है।

समिति की 38वीं बैठक राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान, रुड़की के सौजन्य से जल तरंग सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष एवं टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के निदेशक (कार्मिक), श्री शैलेन्द्र सिंह ने की। बैठक में हरिद्वार, रूड़की, ऋषिकेश एवं पर्वतीय क्षेत्र में स्थित केंद्र सरकार के प्रतिष्ठित सदस्य संस्थानों के प्रमुखों एवं प्रतिनिधियों तथा राजभाषा अधिकारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया । कार्यक्रम में सर्वप्रथम समिति के अध्यक्ष, श्री शैलेन्द्र सिंह, भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के उप निदेशक, श्री छबिल कुमार मेहेर, राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान के निदेशक, श्री मनमोहन कुमार गोयल, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की के निदेशक, प्रो. कमल किशोर पंत, बीएचईएल हरिद्वार के कार्यपालक निदेशक, श्री टी. एस. मुरली एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान के अधिकारियों के द्वारा जल स्तुति गायन प्रस्तुत किया गया तथा हिंदी भारत मां की बिंदी-गीत की वीडियो प्रस्तुति दी गई। राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान के निदेशक, श्री मनमोहन कुमार गोयल ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया।

बैठक में समिति के सचिव, श्री पंकज कुमार शर्मा ने अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की। उन्होंने छमाही के दौरान समिति के तत्वावधान में आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के बारे में जानकारी दी तथा राजभाषा से संबंधित नवीनतम जानकारियों से अवगत कराया। इस अवसर पर नराकास के तत्वावधान में केनरा बैंक एवं भारतीय स्टेट बैंक के सौजन्य से सदस्य संस्थानों के कर्मचारियों के लिए आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में विजेता रहे कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। माननीय अध्यक्ष, श्री शैलेन्द्र सिंह के साथ मंचासीन अतिथिगणों ने अपने कर-कमलों से प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

मंचासीन अतथिगणों के द्वारा छमाही के दौरान प्रकाशित की गई समिति की वार्षिक पत्रिका ''ज्ञान प्रकाश'' के विमोचन के साथ ही राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान की पत्रिका ''जल चेतना'' के जुलाई, 2024 अंक एवं टीएचडीसी की छमाही राजभाषा पत्रिका ''पहल'' के जून, 2024 अंक का विमोचन भी किया गया। राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान के अधिकारियों के द्वारा संस्थान में राजभाषा कार्यान्वयन पर एक प्रस्तुतीकरण दिया गया। बैठक में चर्चा सत्र का आयोजन किया गया जिसमें सदस्य संस्थानों के प्रमुख एवं प्रतिनिधियों ने अपने बहुमूल्य सुझाव दिए।

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के उप निदेशक, श्री छबिल कुमार मेहेर ने सदस्य संस्थानों से प्राप्त अर्धवार्षिक रिपोर्टों की समीक्षा की तथा संस्थानों से रिपोर्टों में तथ्यपरक आंकड़े भरने का अनुरोध किया।

श्री शैलेन्द्र सिंह, निदेशक(कार्मिक), टीएचडीसी ने अपने संबोधन में नराकास के संचालन में सहयोग करने वाले सभी संस्थानों के सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि अगली छमाही में आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं में अपने अधिकाधिक साथियों को भी भाग लेने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि हम स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने उन साथियों को हमेशा याद करते हैं जिन्होंने देश के लिए अपना सब कुछ निछावर कर दिया। उनके साथ-साथ हमें ऐसे साहित्यकारों, रचनाकारों को भी नहीं भूलना चाहिए जिन्होंने अपने साहित्य एवं काव्य के माध्यम से देश के युवा लोगों के हृदय में स्वतंत्रता की चाह का बीज अंकुरित किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में पूरे देश को एक सूत्र में पिरोने में हिंदी ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई क्योंकि हिंदी को पूरे देश में समझा जाता था। इसी को ध्यान में रखते हुए संविधान सभा ने 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया। इसकी याद में प्रत्येक वर्ष हिंदी दिवस मनाया जाता है। उन्होंने सभी संस्थानों से अनुरोध किया कि अगले माह यानि सितंबर में अपने-अपने कार्यालय में इस दिन को धूमधाम से मनाएं। उन्होंने हिंदी भाषा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि हिंदी का विस्तार 130 देशों में हो चुका है। यह फिजी की राजभाषा भी है तथा मारीशस, त्रिनिदाद, गुयाना और सूरीनाम में यह क्षेत्रीय भाषा के रूप में स्थापित हो रही है। इसलिए हमें इस पर गर्व करना चाहिए तथा अपना सरकारी कामकाज हिंदी में ही करने पर जोर देना चाहिए।

## THDCIL and IREDA Collaborate to Establish Advanced Sports Science Centre at Water Sports Academy, Koteshwar





In a landmark move set to transform the landscape of Sports Development in India, THDC India Limited (THDCIL) and the Indian Renewable Energy Development Agency Limited (IREDA) signed a Memorandum of Association (MoA) to establish a cutting-edge Sports Science Centre Hall at THDCIL-IKCA High-Performance Water Sports Academy, Koteshwar, Uttarakhand on 08th August, 2024.

Sh. R. K. Vishnoi, Chairman and Managing Director, emphasizing the significance of the initiative said that THDC India Limited apart from its committed to setting new standards in the Energy Sector is equally prioritizing the overall Socio-Economic development of the Nation. This MoA underscores the collaborative efforts of Power sector for the development of State-of-Art Sports Infrastructure in the country. The establishment of the High-Performance Water Sports Academy at Koteshwar is a testament to our vision of harnessing the potential of Hydro Projects to set new benchmarks in both the Energy and Sports sectors. This MOA aligns perfectly with this year's CSR theme of "Health and Nutrition," as approved by the Government of India. This initiative will create a robust platform for nurturing athletic talent and elevating India's presence in the global sports arena. The Sports Science Centre facility will be specifically designed to support and enhance training for athletes specializing in Kayaking and Canoeing.

Sh. Pradip Kumar Das, CMD, IREDA, emphasized that the mandate under CSR of IREDA is to aim towards sustainable development and capacity building of human capital. Sports aims to develop human potential. Corporate Social Responsibility (CSR) activities in sports can help develop sports, improve community well-being, and shape athletes and communities.

Sh. Shallinder Singh, Director (Personnel) THDCIL conveyed his heartfelt happiness on the signing of this memorable MoA and said that this Partnership with IREDA marks the beginning of a transformative collaboration between Public Sector Undertakings aimed at promoting Sports Excellence of the Nation. The creation of a Water Sports Infrastructure facility represents a giant leap towards our commitment to improving health in Human Capital and creating assets for future generations. This milestone will go a long way in motivating them towards sports activities and bringing laurels to the Nation.

Sh. Singh added that SEWA-THDC, a not-for-profit society sponsored by THDCIL, will be responsible for the execution of the project. The completion and operationalization of the Sports Science Centre Hall is anticipated to provide a significant boost to India's competitive edge at International Sports events. This initiative will set a precedent for future collaborations and inspire other organizations to join in fostering sports development.

The MoA was signed by Sh. Amardeep, General Manager (S&E) from THDCIL and Ms. Durre Shahwar Additional General Manager (HR) from IREDA in the august presence of Sh. Pradip Kumar Das, CMD, IREDA, Dr. Bijay Kumar Mohanti, IREDA, Director (Finance), IREDA, Sh. Shallinder Singh, Director (Personnel), THDCIL along with other senior officers of THDCIL and IREDA in New Delhi.

## Successful First-time Mechanical Spinning of Unit #5 of Tehri PSP





THDCIL achieved a significant milestone with the successful first-time mechanical spinning of Unit #5 of Tehri PSP, India's First Variable Speed PSP (250x4 MW) on August 03rd, 2024.

Sh. R. K. Vishnoi, Chairman and Managing Director of THDC India Limited, conveyed his heartfelt congratulation to Team PSP for this significant achievement. This achievement is a pivotal step towards the Commissioning of India's largest Pumped Storage Plant by any CPSE's of the Country. With this landmark achievement, THDC is poised to commission and fully operationalize the Tehri Hydro Power Complex, which will harness its total capacity of 2400 MW. As India's largest hydropower complex, this milestone represents a major advancement in our commitment to expanding and optimizing the nation's renewable energy infrastructure.

Sh. Bhupender Gupta, Director (Technical), also lauded the dedicated efforts of the Tehri PSP team and extended congratulations to THDCIL's site team, consortium partners (M/s GEPIL & HCC), and other stakeholders. His commendation recognized the collective efforts that led to this significant accomplishment. Following the filling of the penstock, TRT, HRT, DSSS, and USSS structures with water, the machine was effectively rotated from the Distributed Control System (DCS). The initial run of the machine demonstrated stability with satisfactory vibration and airgap values.

Sh. L. P. Joshi, Executive Director (Tehri Complex), also congratulated the team Tehri PSP for the timely achievement of this milestone. The event was attended by senior officials from THDCIL, GEPIL, HCC, PES, Tractebel (THDCIL Consultant), and other stakeholders. With this successful milestone, the Tehri PSP is poised for the next phases of final testing for Unit-05, setting the stage for its upcoming synchronization with the Indian Grid.

## D(T) Reviews Khurja Super Thermal Power Plant Progress






On August 31, 2024, Sh. Bhupender Gupta, Director (Technical) of THDCIL, visited the Khurja Super Thermal Power Plant to review the progress of ongoing projects. The following day, September 1, 2024, he held a joint meeting with various agencies and officials to discuss and resolve several challenges. During the meeting, Shri Gupta stressed the importance of accelerating efforts to ensure the successful synchronization of Unit 1 and Unit 2.

## Operations for the Coal Handling Plant (CHP) commenced at the 1320 MW KSTPP





Operations for the Coal Handling Plant (CHP) commenced at the Khurja Super Thermal Power Plant (STPP) with the successful dispatch of the first rake of coal from its Amelia Coal Mine.

Sh. R. K. vishnoi, Chairman and Managing Director, THDCIL informed that the CHP at Khurja STPP, is equipped with a Stacker Reclaimer capable of stacking coal at a rated capacity of 1600 Metric Tons Per Hour (MTPH). The Stockyard has a storage capacity of 300,000 metric tons, designed to meet the coal requirements of two units at Khurja STPP for approximately 20 days. An initial stock of 40,000 tonnes of coal has been stacked to facilitate trial and testing for Unit #1, with planned synchronization scheduled for September 2024.

The dedicated fuel sources of THDCIL's maiden Thermal Power Project, the Amelia Coal Mines at Madhya Pradesh successfully dispatched its first rake of coal to Khurja STPP on August 05th, 2024. The Amelia Coal mines commenced operations on November 17th, 2022, with coal production beginning on February 18th, 2023 ahead of its schedule and to date, approximately 2.5 million tonnes of coal have been dispatched to various plants, including NTPC Limited.

Sh. Shallinder Singh, Director (Personnel), THDC India Limited, expressed happiness on the successful achievement of this historic milestone. He congratulated the teams at both the Amelia Coal Mine Project and the Khurja Super Thermal Power Project for their outstanding excellence and unwavering commitment. Sh. Bhupender Gupta, Director (Technical), THDC India Limited conveyed his heartfelt wishes on these achievements and underscored THDC India Limited's commitment to operational excellence, efficient energy production. Sh. Gupta added that the successful integration of the CHP with coal dispatch operations from the Amelia Coal Mine highlights the company's dedication to meeting energy needs with reliability and efficiency.

## वीपीएचईपी में खेल टूर्नामेंट का आयोजन



देश के 78वें स्वतंत्रता दिवस के सुअवसर पर विष्णुगाड-पीपलकोटी जलविद्युत परियोजना में कर्मचारियों के लिए एक जीवंत खेल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसका समापन 15 अगस्त 2024 को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। इस आयोजन में गोला फेक, टेबल टेनिस और म्यूजिकल चेयर जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएँ शामिल थीं, जिनमें विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



**अप्राप्यं नाम नेहास्ति धीरस्य व्यवसायिनः।**

**There is nothing unattainable to the one who has courage and who works hard.**

## Tehri-Koteshwar Line #3 Successfully Energized




THDC India Limited has achieved a significant milestone in the development of the 4x250 MW Variable Speed Tehri Pumped Storage Project (PSP), Tehri. Sh. R. K. Vishnoi, Chairman and Managing Director informed that on August 28, 2024, the Tehri-Koteshwar Line #3 was successfully energized for the first time, bringing the nation closer to its first 1000 MW Variable Speed Pumped Storage Project.

The charging of Line #3 is a crucial step forward as it enables the back charging of the Generator Step-Up (GSU) transformer for Unit #5. This, in turn, facilitates the drawl of startup power necessary for Voltage Source Inverter (VSI) testing and further commissioning activities. Sh. Vishnoi extended his heartfelt congratulations to the entire PSP team, acknowledging their dedication and relentless efforts in bringing this milestone to fruition.

The event was graced by the presence of Sh. Bhupender Gupta, Director (Technical), Sh. L. P. Joshi, Executive Director (Tehri Complex), Sh. A. R. Gairola, General Manager (PSP-Civil), Sh. S. K. Sahoo, AGM (I/C-PSP), along with other senior officials from THDCIL and representatives from M/s GEPIL.

Sh. Bhupender Gupta also addressed the team, commending their hard work and commitment. He warmly congratulated all members of the Tehri PSP team and associated stakeholders for their unwavering dedication to the project.


## Successful Commissioning & testing of EOT crane (150/50T) in the Power House at full load capacity



The 444 MW under-construction Vishnugad-Pipalkoti Hydro Electric Project (VPHEP) has achieved a significant milestone. The EOT crane (150/50T) in the Power House was successfully commissioned and tested at full load capacity. This achievement marks a crucial step towards the erection of Electro-Mechanical Equipment in the Power House. Sh. R. K. Vishnoi, CMD, THDC India Limited stated that VPHEP is being executed in the most challenging Himalayan geological terrain and he expressed happiness on satisfactory achievement of this significant milestone. Sh. Vishnoi said the successful commissioning of the EOT crane brings us one step closer to the timely completion of the VPHEP Project, which is crucial for meeting our Energy Goals and Supporting Regional Development.

Sh. Bhupender Gupta, Director (Technical), THDC India Limited warmly congratulated the entire Team VPHEP and all associated stakeholders of the Projects for their unwavering efforts and dedication. He highlighted that this achievement underscores the collective commitment and hard work of all involved. He added that the successful commissioning of the EOT crane signifies substantial progress in the VPHEP Project, reflecting THDCIL's unwavering dedication to advancing India's Renewable Energy infrastructure. Sh. Ajay Verma, Chief General Manager (Project); Sh. P.S. Rawat, AGM (DAM); Sh. Arun Kumar, AGM (E&M); along with other officials from THDCIL and BHEL were also present during the occasion.

## THDCIL's Corporate Bond Series XI of Rs. 600 Crore oversubscribed 8 times



THDC India Limited achieved another significant milestone as its Corporate Bond Series XI of Rs. 600 Crore oversubscribed 8 times underscoring its Financial success. Sh. R. K. Vishnoi, CMD, THDCIL, expressed his sincere gratitude to the investors for their overwhelming response to the bond issuance. He added that this accomplishment underscores the confidence of investors in THDCIL's financial stability and operational performance. The competitive coupon rate of 7.72% p.a. discovered through BSE–Electronic Bidding Platform, further reinforces the trust placed in THDCIL Corporate Bonds. Additionally, these bonds have received a credit rating of "AA outlook Positive" from India Ratings and "AA outlook Stable" from CARE, emphasizing the company's robust credit worthiness.

Sh. Sipan Kumar Garg, Director (Finance), THDCIL while expressing satisfaction over overwhelming response from the investors informed that the issue comprises of a base size of Rs 200 Crore and a green shoe option of Rs 400 Crore, i.e. total issue size of Rs 600 Crore, with a tenor of 10 years.

The funds raised through this issue will be utilized to partly meet debt requirements of THDCIL's ongoing and under-construction projects including recoupment of expenditure already incurred and to refinance the existing loans.

He further mentioned that the bonds issue attracted considerable investor interest, leading to a noteworthy oversubscription of approximately 8 times the base issue size, amounting to Rs 1540 Crore.

The bidding for this successful bond issue took place on August 30, 2024 at THDCIL's Corporate Office in Rishikesh in the presence of Sh. Sipan Kumar Garg, Director (Finance), Sh. A.K. Garg, CFO, Ms. Rashmi Sharma, Company Secretary, THDCIL and Ms. Hemlata Agarwal, BSE Head Northern Region, Fixed Income.

As of present, THDCIL has issued a total of 11 series of Bonds and has successfully raised funds amounting to Rs. 9142 Crore from the corporate debt market. All of these bond issues have consistently elicited strong investor interest displaying market confidence on THDCIL.

## "एक पेड़ माँ के नाम अभियान" का आयोजन



टिहरी परियोजना में "एक पेड़ माँ के नाम अभियान" आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम का शुभारंभ श्री एल.पी. जोशी, कार्यपालक निदेशक (टीसी) ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को फलदार पौधे वितरण कर किया। कार्यक्रम में लगभग 500 विभिन्न फलदार पौधे जैसे आम, आँवला अमरूद, लीची, जामुन, नींबू, माल्टा आदि वितरित किए गए। इस अवसर पर श्री ए. आर. गैरोला, महाप्रबंधक (पी.एस.पी.), श्री विजय सहगल, महाप्रबंधक (पुनर्वास/समन्वय), श्री डी. पी. पात्रो, अपर महाप्रबंधक (मा.सं.एवं प्रशा.), श्री ए.के. कंसल, अपर महाप्रबंधक (बाँध एवं पर्यावरण), श्री रवींद्र सिंह राणा, अपर महाप्रबंधक (ओ. एण्ड एम.), श्री एम.एम.एस. चौहान, उप महाप्रबंधक (बी.आर.एम.), श्री मोहन सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (मा.सं.एवं प्रशा.), श्री इन्द्रराम नेगी, प्रबंधक (हिंदी), श्री जयेन्द्र रावत, वरिष्ठ प्रबंधक (पर्यावरण), श्री आर.डी. ममगाईं, उप प्रबंधक (जनसंपर्क), श्री पुरुषोत्तम सिंह रावत, उप प्रबंधक (सुरक्षा), श्री शेर सिंह रावत, सहायक प्रबंधक (पर्यावरण) सहित बड़ी संख्या में कार्मिक उपस्थित थे।



अप्राप्यं नाम नेहास्ति धीरस्य व्यवसायिनः।
There is nothing unattainable to the one who has courage and who works hard.

## टिहरी परियोजना में चिकित्सा शिविर का आयोजन



टिहरी परियोजना के भागीरथीपुरम चिकित्सालय के सौजन्य से एवं मैक्स सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल देहरादून के चिकित्सकों के सहयोग से 30 अगस्त, 2024 को एक सेमीनार का आयोजन एवं 31 अगस्त, 2024 को मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया | मेडिकल कैम्प एवं सेमीनार का शुभारंभ कार्यपालक निदेशक (टिहरी काम्प्लेक्स), श्री एल.पी. जोशी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया ।इस मेडिकल कैम्प में कुल 76 रोगियों का परीक्षण एवं जाँच की गई |

इस मेडिकल कैम्प एवं सेमीनार के अवसर पर श्री एम.के. सिंह, महाप्रबंधक (यॉंत्रिक), श्री ए.आर. गैरोला, महाप्रबंधक (पीएसपी), श्री विजय सहगल, महाप्रबंधक (पुनर्वास/समन्वय), डॉ. नमिता डिमरी, अपर महाप्रबंधक (चिकित्सालय), श्री डी.पी. पात्रो, अपर महाप्रबंधक (मा.सं.एवं प्रशा.), डॉ. आर.एस.के. श्रीवास्तव, अपर महाप्रबंधक (चिकित्सालय), सहित चिकित्सालय के समस्त चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ एवं कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

## Last Ferrule of Penstock Steel Liners of the last Unit (U#8, 250 MW) of 1000 MW Tehri PSP Successfully Shifted to its Position





THDC India Limited has accomplished another significant milestone towards the commissioning of 2400 MW Tehri Power Complex as the Last Ferrule of the Penstock Steel Liners of the last Unit (U#8, 250 MW) of 1000 MW Tehri PSP was successfully shifted to its position on August 02, 2024 and with this achievement, Erection works of 9000 MT of Penstock Steel Liners of all the 4 Units of Tehri PSP have been completed successfully.

Commending the dedicated efforts of the Tehri PSP team, Sh. R. K. Vishnoi, CMD, THDCIL extended congratulations to all associated for their sincere and concerted contributions leading to the achievement of this milestone. The successful completion of the Hydro-Mechanical works sets the stage for the next phases of development. This achievement represents a crucial advancement in achieving full operational capacity for India's largest 2400 MW Hydro Power Complex with 1000 MW Tehri HPP and 400 MW Koteshwar HEP already in successful operation.

This achievement brings THDC a step closer to commissioning Tehri PSP, playing a pivotal role in the Government of India's vision to integrate over 500 GW of non-fossil fuel capacity by 2030 and the country's commitment to achieving net zero carbon emissions. Following the commissioning of this PSP, the Tehri Power Complex, the largest in India with a total capacity of 2400 MW, is set to emerge as a cornerstone in realizing the nation's ambitious goal of ensuring 24*7 affordable Power Supply, thereby significantly contributing towards fuelling the Growth Engine of the Nation.

On this auspicious occasion, Sh. A.R. Gairola, GM (PSP-Civil), Dr A.N. Tripathy, GM (HR&A, HRD & Corp. Comm.), Sh. S.K. Sahoo, AGM (Incharge –PSP EM&HM), Sh. Sandeep Bhatnagar, AGM (HOD F&A), Sh. R.P. Mishra AGM(Civil-PSP), Sh. Chetan Patel (Project Director-GE), Sh. Sandeep Sharma, Sr. Site Manager (GEPIL), Sh. Sanjay Dave, V.P.,(HCC ) and other senior officials of THDCIL, GEPIL & HCC were also present.

## लेडीज़ वेलफेयर एसोसिएशन, ऋषिकेश 'तेजस्विनी' द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

लेडीज़ वेलफेयर एसोसिएशन 'तेजस्विनी', ऋषिकेश के द्वारा 22 अगस्त, 2024 को अगस्त माह की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक के दौरान क्लब की मुख्य संरक्षिका, श्रीमती चंचल विश्नोई उपस्थित रहीं | बैठक के दौरान क्लब की कुछ सदस्याओं के जन्मदिवस का धूम-धाम से आयोजन भी किया गया | इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों एवं रोमांचकारी गेम्स के साथ सभी सदस्याओं ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया।



## तरंगिनी लेडीज़ क्लब, टिहरी ने मनाया तीज का त्यौहार



04 अगस्त, 2024 को टिहरी परियोजना की तंरगिनी ऑफिसर्स महिला क्लब की सदस्याओं द्वारा सावन महीने में तीज का त्यौहार धूम-धाम से मनाया गया। हरियाली तीज महोत्सव की मुख्य अतिथि, श्रीमती चंचल विश्नोई एवं विशिष्ट अतिथि, श्रीमती मनु शिखा गुप्ता का तंरगिनी ऑफिसर्स महिला क्लब की अध्यक्षा, श्रीमती विजया जोशी द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा तंरगिनी ऑफिसर्स महिला क्लब की सभी सदस्यों को हरियाली तीज की बधाई दी गई। तंरगिनी ऑफिसर्स महिला क्लब की सदस्यों द्वारा तीज का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया गया।

## मंजरी लेडीज़ क्लब, खुर्जा ने मनाई हरियाली तीज

खुर्जा परियोजना में 07 अगस्त, 2024 को मंजरी लेडीज़ क्लब की सदस्याओं द्वारा हरियाली तीज हर्षोल्लास से मनाया गया। हरियाली तीज की थीम राजस्थानी संस्कृति पर आधारित थी। कार्यक्रम के दौरान क्लब की सभी महिलाओं के लिए मेहंदी प्रतियोगिता सहित अन्य कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम में पारंपरिक गीत-संगीत की प्रस्तुतियाँ भी दी गईं एवं सदस्यों ने लोकगीतों पर नृत्य किया। विजेताओं को श्रीमती बिनिता शरद, (अध्यक्षा) ने सम्मानित किया |



## वीपीएचईपी में "आपदा प्रबंधन और अग्नि सुरक्षा" पर सुरक्षा कार्यशाला आयोजित

विष्णुगाड-पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना में "आपदा प्रबंधन और अग्नि सुरक्षा" विषय पर 22 अगस्त, 2024 को एक दिवसीय व्यापक सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य निर्माण स्थल पर सुरक्षा प्रोटोकॉल को बढ़ाना और आपातकालीन स्थितियों के प्रबंधन में कर्मियों की तैयारी सुनिश्चित करना था। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद, उत्तराखंड के वरिष्ठ सुरक्षा सलाहकार, श्री एस. के. भटनागर प्रशिक्षक के रूप में शामिल हुए।





अप्राप्यं नाम नेहास्ति धीरस्य व्यवसायिनः।
There is nothing unattainable to the one who has courage and who works hard.

## टिहरी हाइड्रो पावर कॉम्प्लेक्स में मॉक ड्रिल का आयोजन



2400 मेगावाट टिहरी हाइड्रो पावर कॉम्प्लेक्स में सुरक्षा एवं आपातकालीन स्तिथि में चुनौतियों से निपटने हेतु 29 अगस्त 2024 को प्रात: 08:00 बजे टिहरी पावर कॉम्प्लेक्स की सुरक्षा हेतु आपात स्थिति की तैयारी का आँकलन करने के लिये मॉक ड्रिल का अभ्यास किया गया | मॉक ड्रिल अभ्यास में 6800 क्यूमेक्स की बाढ़ सिम्युलेशन की स्थिति के अलावा एडिट #3 को जाने वाली सड़क भूस्लखंन (लैंडस्लाइड) के कारण बंद हो जाना, यूनिट #2 के GT (जेनरेटर ट्रांसफॉर्मर) में आग लगने की स्थिति के अलावा डैम टॉप से पावर हाउस को जाने वाली सड़क भूस्लखंन के कारण बंद हो जाना तथा कोटेश्वर हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट में भी डैम टॉप से प्रशासनिक भवन जाने वाली सड़क भूस्लखंन (लैंडस्लाइड) के कारण बंद हो जाने के साथ ही टिहरी बांध परियोजना के डैम टॉप की विद्युत आपूर्ति फेल होने के साथ-साथ शूट स्पिल्वे के गेट खोल दिए जाने के साथ ही EL 529 पर इकाई #3 से बहुत भारी जल रिसाव होने की दशा में मॉक ड्रिल अभ्यास में विभिन्न गतिविधियां संचालित की गई जैसे टिहरी बांध के शूट स्पिल्वे के गेट 10 मिनट के लिए खोले गए जिनसे लगभग 100 क्यूमेक्स पानी छोड़ा गया तथा इसके साथ-साथ ही कोटेश्वर बांध के शूट स्पिल्वे के गेट 10 मिनट के लिए खोले गए जिनसे लगभग 100 क्यूमेक्स पानी छोड़ा गया | मॉक ड्रिल टिहरी बांध परियोजना एवं कोटेश्वर बांध परियोजना के संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा सीआईएसएफ के अधिकारियों एवं जवानों के समन्वय एवं सहयोग से पूर्ण रूप से सफलतापूर्वक किया गया |

## An Awareness and Knowledge-sharing Session on "The System of E-Office and E-Mail in THDCIL"

**Kaushambi**



On August 29, 2024, Sh. H N Uniyal, AGM (IT), conducted an awareness and knowledge-sharing session at the NCR Unit in Kaushambi on "The System of E-Office and E-Mail in THDCIL." The session covered the transition from manual to digital processes, including dairisation of dak (receipt and dispatch), filing, marking, and tracking. Sh. Uniyal explained how these traditional processes are mapped in the digital environment, highlighting the functionalities of E-Office such as secure login, file creation, noting, and attachments. He also addressed various user queries about E-Office and provided details on THDCIL's email system, including features like Briefcase, tags, folder sharing, and email filters.

## सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**खुर्जा**



शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों हेतु खुर्जा सुपर थर्मल विद्युत परियोजना में 01 अगस्त, 2024 से 03 अगस्त, 2024 तक सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को कार्यस्थल पर सुरक्षा के महत्व और उपायों के बारे में जागरूक करना था। इसमें मुख्य वक्ता श्री एस. के. भटनागर, कार्यपालक निदेशक (MR Safety Engineer & SHE Consultant) द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों के कुल 171 अधिकारियों /कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का शुभारंभ महाप्रबंधक (विद्युत), श्री आर.एम. दुबे द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में श्री अमरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, वरि. प्रबंधक, (मा.सं. एवं प्रशा.), श्री यशवंत सिंह नेगी, उप प्रबंधक, (सुरक्षा), श्री हरेन्द्र सिंहचौहान, अभियंता(सुरक्षा), श्री प्रवीण तिवारी, एच.एस.ई. अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे|





## भावभीनी विदाई एवं सुखद भविष्य की शुभकामनाएं



**Sh. B. K. Garg**
**GM (Planning)**
**DOR: 31-08-2024**

Sh. B. K. Garg, superannuated from the services of the corporation on August 31, 2024, after a distinguished career as GM (Corporate Planning) in Rishikesh. A Civil Engineering graduate from HBTI Kanpur (1988), he joined THDCIL in February 1990 as an Engineer Trainee, advancing to General Manager. Prior to THDCIL, he worked with the Ghaziabad Development Authority. Over his 34-year tenure, Sh. Garg made significant contributions in Materials Management, Rehabilitation, Planning & Monitoring, and Corporate Contracts. He played a key role in the Koteshwar HEP (4x100 MW) and managed major contract awards for the Khurja Super Thermal Project (2x660 MW). His loyalty and dedication have greatly contributed to the organization's growth and will be fondly remembered.



श्री जयेन्द्र सिंह रावत
अपर महाप्रबंधक (लागत अभियांत्रिकी)
ऋषिकेश
सेवानिवृत्ति 31-08-2024



श्री डी. एस. मेहरा
उप महाप्रबंधक (विद्युत)
टिहरी
सेवानिवृत्ति 31-08-2024



श्रीमती सुनीता शर्मा
उप प्रबंधक (प्रशासन)
कौशांबी
सेवानिवृत्ति 31-08-2024



श्री शक्ति सिंह रौतेला
उप अधिकारी (पर्यावरण)
टिहरी
सेवानिवृत्ति 31-08-2024



श्री राम लाल
उप अधिकारी (कार्य)
टिहरी
सेवानिवृत्ति 31-08-2024



श्री तेजराम सेमवाल
वरिष्ठ चालक (मेकेनिकल)
टिहरी
सेवानिवृत्ति 31-08-2024




श्री अजय सिंह पँवार
परिचारक
देहरादून
सेवानिवृत्ति 31-08 -2024


ITUWTSA NEW DELHI 2024


टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED

Great Place To Work. Certified JUN 2024-JUN 2025 INDIA


## "Union Government's Central Financial Assistance to unleash Hydro Potential in North East."








- **Cabinet Approval**: Union Cabinet chaired by Hon'ble Prime Minister Sh. Narendra Modi approved proposal of Ministry of Power for Central Financial Assistance (CFA) to State Govts. of NER towards equity participation for development of Hydro Electric Projects in North Eastern Region (NER), States required to waive/stagger free power and/or reimburse SGST to make project viable.
- **Funding & Duration**: The scheme has outlay of ₹ 4136 Crore from FY 2024-25 to FY 2031-32 for supporting cumulative hydro capacity of about 15000 MW.
- **Equity & Grants:** Grant towards equity portion of the State Govts. of NER, to be capped at 24% of total Project equity subject to maximum of ₹ 750 Crore per Project which would be revisited, if required, on a case-to-case basis.
- **Contribution in INDC:** Development of Hydroelectric projects shall also contribute towards realization of India's Nationally Determined Contribution (INDC) of establishing 500 GW Renewable Energy capacity by 2030


GENERATING POWER...
TRANSMITTING PROSPERITY...
SOLAR POWER
WIND POWER
CONSULTANCY SERVICES
THERMAL POWER
Hydropower and Beyond...
टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED
(अनुसूची 'ए' , मिनी रत्न , पीएसयू )
(Schedule 'A', Mini Ratna PSU)
Embracing the energy
Transition through diversification
@THDC India Limited-Official
@THDCIL_MOP
@THDCIL24X7
@THDC India Limited-Official
@thdc_india_limited
www.thdc.co.in



**Generating Power... Transmitting Prosperity ...**

Designed In-House by Corporate Communication
Department, Rishikesh



टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED

डॉ. ए. एन. त्रिपाठी, महाप्रबंधक (मा. सं. एवं प्रशा., मां . सं. विकास एवं जनसम्पर्क) द्वारा टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के लिए गंगा भवन, प्रगतिपुरम, बाईपास रोड़, ऋषिकेश- 249201 (उत्तराखंड) से प्रकाशित
फोन: 0135-2473504, वेबसाइट: www. thdc. co.in, ईमेल: prthdcil@gmail.com & hj.thdc@gmail.com
गृह पत्रिका/न्यूज लेटर में प्रकाशित लेखों/रचनाओं में व्यक्त किए गए विचार लेखकों के अपने हैं और उनसे टीएचडीसीआईएल प्रबंधन का सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
(निशुल्क आंतरिक वितरण के लिए)

Follow us:- @THDCIL 24x7 @THDCIL_MOP @THDC-India-limited @THDCIL India Limited - Official @THDC India Limited-Official